## कपिल भाटी बने सैन समिति के अध्यक्ष



■ जलतेदीप निसं, चूरू

सेन मंदिर प्रांगण में सेन समाज के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ चुनाव में कपिल भाटी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से रखा गया और मंदिर में आए समाज के सभी लोगों ने कपिल भाटी के नाम पर सहमति जताई और कपिल भाटी को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा।

पद मिलने पर कपिल भाटी ने कहा कि समाज ने मेरे पर जो विश्वास और भरोसा किया है मैं उस पर खरा उतरूंगा और समाज के युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर सेन समाज के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश चंद्र वर्मा, दीपचंद खींची, रतन लाल, सुरेश रक्षक, उमेश चंद्र चौहान, जगदीश प्रसाद झाड़ी वाल, सतनारायण भाटी, धनाराम तंवर, गणेश सेन, ओम प्रकाश तंवर, शांतिलाल रक्षक उपस्थित थे।

## स्वयंसेवक अपने क्षेत्रों में भी श्रमदान करे : सैनी

■ जलतेदीप निसं, चूरू

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सातड़ा में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष आवासीय शिविर सम्पन्न हुआ। अध्यक्षता प्रधानाचार्य सत्यनाराण सैनी ने की।



समापन समारोह के पोस्टमास्टर शंकरलाल सैनी ने कहा कि स्वयंसेवक अपने क्षेत्रों में भी श्रमदान करना चाहिए। जिससे वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है। सैनी ने पोस्ट ऑफिस में संचालित बचत योजना के बारे में बताया। कार्यक्रम प्रभारी आशा कंवर ने शिविर की गतिविधियों के बारें में बताया। अतिथियों ने सभी स्वयंसेवकों को प्रतीक चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर देवकरण व. शा .शि ने स्वयंसेवको का आभार जताया।

## भाजपा मंडल कार्यालय में नवनिर्वाचित ओम सारस्वत व पंकज गुप्ता का सम्मान किया



■ जलतेदीप निसं, चूरू

ओम सारस्वत एवं पंकज गुप्ता का मंडल द्वारा अभिनंदन किया गया और मंडल अध्यक्ष धनराज सैनी ने बताया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 बोलते हुए कहा कि 20 सितंबर 1947 को महात्मा गांधी ने इस कानून का समर्थन करते हुए पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान में धार्मिक अमाननीय पीड़ा झेल रहे हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाईयों की समस्याओं को समाधान के लिए इस कानून को लागू करने की सिफारिश की थी।

उसी कानून को भारतीय जनता पार्टी ने लागू किया है, केंद्र सरकार के द्वारा लागू इस नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के बारे में पूरी जानकारी देने के लिए भाजपा कार्यकर्ता घर-घर सम्पर्क करेगें।

कार्यक्रम में पदम सिंह राठौड़, फतेह चंद सोती, बनवारी लाल शर्मा, पवन गोटेवाला, नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता विमला गढ़वाल, लीलाधर शर्मा ने अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अमर, मुरानी, हनुमान मटोलिया, राम सैनी, बीएन राजोतिया, पूनम गुप्ता, रेखा राजोतिया, विमला योगी, ममता जोशी, विनोद सैनी, मुकेश प्रजापत, भास्कर शर्मा, नरेंद्र आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## सेवा कार्य से नववर्ष 2020 का किया स्वागत

■ जलतेदीप निसं, चूरू

रतननगर सेवा संघ ने नववर्ष 2020 का स्वागत सेवा कार्य से किया। सदस्यों ने सिद्धपीठ औंकार आश्रम में कबूतरों को चुग्गा दाना डालकर तथा कामधेनु गौशाला में आए असहाय व पीड़ित गौवंश के लिए एक स्वामणी कर कार्य की शुरूआत की। इन कार्यों में संघ सदस्यों ने कामधेनु गौशाला में आए असहाय व पीड़ित गौवंश के लिए हर माह मे एक स्वामणी तथा सिद्धपीठ औंकार आश्रम में पक्षियों के लिए प्रतिदिन के लिए आश्रम के पूजारी विष्णु शर्मा को 7 क्विंटल चुग्गा दाना भी उपलब्ध करवाया गया। यह पूरा खर्च रतननगर. सेवा संघ के प्रवासी व अप्रवासी मित्रों की ओर से एकत्रत कर किया गया है कस्बे में मौजूद संघ के सदस्य सेवाकार का कार्य करेंगे व अप्रवासी मित्र भी समय-समय पर अपनी उपस्थिति की कोशिश करेगें तथा पूण्य कार्य में सेवा सहयोग जारी रखेंगे।

## लोकिता वेलफेयर सोसाइटी द्वारा वृद्ध आश्रम में कंबल वितरण

■ जलतेदीप निसं, झालावाड़

नए साल के उपलक्ष में लोकिता वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा श्रीमद् नारायण वृद्ध आश्रम झालरापाटन में कंबल वितरण प्रोग्राम का आयोजन रखा गया। लोकिता वेलफेयर सोसाइटी के सचिव राजकुमार चौधरी ने बताया की सोसाइटी जयपुर में हर साल सर्दियों के दिनों में कपड़े व कंबल वितरण प्रोग्राम आयोजित करती रही है जो की पहली बार झालरापाटन झालावाड़ में भी संस्था ने यह प्रोग्राम आयोजित किया। प्रोग्राम की संयोजक सुधा शर्मा रही। प्रोग्राम में सभी वृद्धों को नववर्ष की बधाई दी और कंबल दी गई। कार्यक्रम में सहायक अभियंता डॉक्टर ब्रजपाल सिंह भी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



कंबल वितरण प्रोग्राम में वृद्ध आश्रम के अध्यक्ष एम.एल. सोनी ने लोकिता वेलफेयर सोसायटी के सचिव राजकुमार चौधरी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में श्रद्धा शर्मा, दीप्ति शर्मा, मधु गुप्ता, नलिनी अग्रवाल, रेखा, लक्ष्मी सोनी, भारती चौबे, सुचित्रा, नरेंद्र कुमार आदि ने भाग लिया। वृद्ध आश्रम के व्यवस्थापक कमल भट्ट ने सभी आगंतुकों का स्वागत कर नए साल की बधाई दी और वृद्ध आश्रम की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## कार्मिकों के बीमा, जीपीएफ एवं एनपीएस खातों में राशि का करें इन्द्राज: नथमल डिडेल

■ जलतेदीप निसं, भरतपुर

जिला कलक्टर नथमल डिडेल ने पंचायत समिति एवं स्थानीय निकाय विभाग में सेवारत कार्मिकों के वेतन से की जा रही नियमित रूप से मासिक बीमा, जीपीएफ् एनपीएस एवं अन्य कटौतीयां की जा रही है। किन्तु इन कटौतीयों का चालान, कटौती पत्र एवं विवरण पत्र नियमित रूप से बीमा विभाग में जमा नहीं कराये जाने के कारण कार्मिकों के खाते में कटौती राशि का इन्द्राज नहीं हो रहा है। जिला कलक्टर ने कहा कि पंचायत समिति के कार्मिकों द्वारा ऋण आवेदन, स्वत्व दावा एवं खाता स्थानान्तरण के आवेदन करने पर उनके प्रकरणों का निस्तारण में परेशानी एवं विलम्ब होता है। उन्होंने बताया कि ऐसे कार्मिकों द्वारा होने वाली परेशानियों का सामना करने पर मुख्यमंत्री जनसुनवाई सहित विभिन्न स्थल पर होने वाली जनसुनवाईयों में शिकायतें प्राप्त हो रही है। उन्होंने समस्त विकास अधिकारी, आहरण एवं वितरण अधिकारी को निर्देश दिये कि वे अपने अधीनस्थ कार्मिकों के बीमा, जीपीएफ् एनपीएस खातों को पूर्ण करने एवं प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए 10 दिसम्बर से 10 जनवरी तक संचालित किये जा रहे अभियान में शत प्रतिशत उपलब्धि अर्जित कर प्रकरणों को शून्य करें।

## शस्त्र जमा करवाने के निर्देश

■ जलतेदीप निसं, दौसा

दौसा जिले में बसवा पंचायत समिति क्षेत्र में पंचायत आम चुनाव 2020 शांति पूर्ण, स्वतन्त्र, निष्पक्ष सम्पन्न कराने के लिए अनुज्ञापत्रधारियों को अपने शस्त्र तत्काल प्रभाव से संबंधित पुलिस थाने में जमा कराने के निर्देश जारी किये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि दौसा जिले की बसवा पंचायत समिति क्षेत्र की सीमा में स्थायी या अस्थायी रूप से निवास्रत अनुज्ञापत्रधारक को अपने शस्त्र तत्काल प्रभाव से संबंधित थाने में जमा कराने होंगे। उन्हें इसकी रसीद दी जायेगी। यह आदेश बैंक सुरक्षा कर्मी, सीमा सुरक्षा बल, अर्द्ध सैनिक बल, पुलिस दस्ता, सिविल डिफेन्स होमगार्ड व केन्द्रीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे, जो कि कानून व्यवस्था के संबंध में अपने पास हथियार रखने को अधिकृत किये गये हैं।

## उपेक्षित एवं पीड़ित व्यक्ति की व्यथा को गंभीरता से लेकर दिलाये राहत : जैदी

# भरतपुर के सर्वांगीण विकास के लिए रहेगें तत्पर: डिडेल

■ जलतेदीप निसं, भरतपुर




लोहागढ प्रेस क्लब की ओर से गुरूवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एसपी से डीआईजी पद पर पदोन्नत हुए हैदर अली जैदी, कोतवाल से सीओ बने संजय शर्मा और नव आगुन्तक जिला कलक्टर नथमल डिडेल का अभिनन्दन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसपी से डीआईजी पद पर पदोन्नत हुए हैदर अली जैदी ने कहा कि किसी भी पद पर रहने वाले व्यक्ति की यह राजकीय, सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है कि वह उपेक्षित और पीडित व्यक्ति की व्यथा को गंभीरता से सुने और उसका निस्तारण करें अगर ऐसा करेंगे तो जीवन में नौकरी करने का आनन्द बढ़ जायेगा। उन्होंने भरतपुर के कई प्रकरणों का हवाला देते हुए कहा कि अगर हम समस्या के मर्म और कारणों की ओर जायेगें तो उनके निस्तारण में ज्यादा आसानी होगी। उन्होंने कहा कि जीवन में साफगोई होनी चाहिए। इससे स्थितियां ज्यादा स्पष्ट और सुखद रहती है। जैदी ने पुलिस और प्रेस को एक-दूसरे का सहयोगी बताते हुए कहा कि इससे समाज में चीजें सही तरीके से सबके समाने आती है और कॉन्ट्रोवर्सी खडी नही होती है। कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला कलक्टर नथमल डिडेल ने कहा कि चिकित्सा और शिक्षा जैसे आमजन से जुडे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशासन और प्रेस को मिल कर काम करना चाहिए जिससे आमजन इस क्षेत्र में और अधिक लाभन्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि भरतपुर के सर्वांगीण विकास के लिए वे सदैव तत्पर है जिसमें आमजन का सहयोग अतिआवश्यक है। खासकर प्रेस की अहम भूमिका है।

## कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश

■ जलतेदीप निसं, दौसा

पंचायत चुनाव 2020 के मद्देनजर जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अविचल चतुर्वेदी ने बताया कि दौसा जिले की बसवा पंचायत समिति क्षेत्र में प्रथम चरण में 17 जनवरी को पंच एवं सरपंच तथा 18 जनवरी को उपसरपंच पद के लिए मतदान होना हैं। उन्होंने बसवा पंचायत समिति क्षेत्र के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे समाजकंटकों के खिलाफ निरोधात्मक प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही कर उन्हें पाबंद करें। उन्होंने हाल ही में किसी आपराधिक प्रकरण में जमानत पर छूटे, किसी उपद्रव में संलिप्त रहे, आपराधिक पृष्ठभूमि वाले, गुण्डा एक्ट में प्रकरण विचाराधीन वाले, जिले के समस्त हिस्ट्रीशीटर्स, किसी भी चुनाव में अशांति फैलाने वाले और वे लोग जिन पर उक्त चुनाव में अशांति फैलाने का संदेह हो उन्हें पाबंद करने के निर्देश जारी किये हैं।

## पूजा सैनी व विजय शेखावत का यूजीसी नेट में चयन

■ जलतेदीप निसं, झुंझूनु

विश्विद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में पिलानी पालिका क्षेत्र की वार्ड नं 26 की निवासी कुमारी पूजा सैनी का भूगोल विषय में चयन किया गया है।पूजा सैनी अपनी इस सफलता का श्रेय अपने दादा जमुनाधर सैनी व भूगोल विषय के अध्यापक स्व.विरेन्द्र वर्मा को दिया।पूजा सैनी वर्तमान में पिलानी स्थित शादीलाल कटारिया बीएड महाविद्यालय की छात्रा है।पूजा सैनी ने इस परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल की है।इससे पूर्व इन्होने अपनी विद्यालय शिक्षा बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय पिलानी से पूर्ण की है।पूजा सैनी के पिता राधेश्याम सैनी वर्तमान में बिरला स्कूल पिलानी में लेखा कार्यालय में कार्यरत है। इसी क्रम में बिरला स्कूल पिलानी में कार्यरत बजरंग सिंह शेखावत के पुत्र विजय सिंह शेखावत का भी यूजीसी नेट परीक्षा में सहायक व्याख्यता में चयनित हुये है।विजय सिंह शेखावत ने परीक्षा अपने प्रथम प्रयास में ही सफलता प्राप्त की है। इन्होने इस सफलता का श्रेय अपने परिवारजनों व गुरूजनों को दिया।

# गहलोत सरकार का एक साल बेमिसाल : सैनी

■ जलतेदीप निसं, अलवर

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अशोक कुमार सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार का 1 साल का कार्यकाल विकासशील, पारदर्शी और जवाबदेही रहा है। इस बार गहलोत सरकार ने अपने कार्यकाल में भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने का भी बड़ा संदेश दिया है। पीसीसी महासचिव सैनी गुरुवार को अलवर में श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला कार्यालय में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चर्चा करते हुए कहा कि सरकार ने जनता से किए गए वायदों के अनुरूप जन घोषणा पत्र को नीतिगत दस्तावेज



बनाने का प्रयास किया है। सरकार ने किसानों की ऋण माफी, वृद्धजन, विधवा पेंशन में बढ़ोतरी, दलित, आदिवासी, आर्थिक रूप से पिछड़े के साथ महिला सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक कल्याण, युवाओं के बेरोजगारी भत्ते में बढ़ोतरी और रोजगार के अवसर बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण फैसले किए हैं। सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के साथ ही इस बार निःशुल्क जांच योजना का दायरा भी बढ़ाया गया है।

सरकार ने निरोगी राजस्थान अभियान के माध्यम से स्वस्थ राजस्थान का संकल्प लेकर प्रदेशवासियों को निरोगी बनाने का प्रयास किया है। साथ ही, सरकार ने युवाओं के लिए भी ऐतिहासिक पहल की है। युवाओं को उद्योग लगाने के लिए प्रेरित किया है और उद्योग लगाने की अनुमति के प्रावधानों में भी विशेष छूट दी जा रही है। इससे बड़ी संख्या में युवाओं को उद्योग लगाने के अवसर मिल सकेंगे।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने युवा पीढ़ी को गांधी दर्शन से जोड़ने के लिए जयपुर में 50 करोड़ रुपए की लागत से महात्मा गांधी संस्थान और गांधी दर्शन म्यूजियम बनाकर देशभर में अनूठी मिसाल कायम की है।

इससे प्रदेश की युवा पीढ़ी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को जानेगी और ऐसे में वर्तमान समय में देश में चल रहे नफरत और हिंसा के वातावरण को रोकते हुए आपसी प्यार और भाईचारे का नया वातावरण पैदा किया जा सकेगा।

## पंचायती राज चुनाव को लेकर ब्लाक कांग्रेस की बैठक हुई सम्पन्न

■ जलतेदीप निसं, झालावाड़

ब्लाक कांग्रेस की पंचायत राज चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक कार्यालय झालरापाटन में ब्लाक अध्यक्ष फरीद चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष कैलाश मीणा, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक मोहनलाल राठौर,पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज सिंह हाड़ा, पीसीसी सदस्य शेलेन्द्र यादव,विधानसभा प्रत्याक्षी सुरेश गुर्जर,किसान नेता विष्णु पाटीदार,चेयरमैन मनीष शुक्ला भी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।



बैठक में ब्लाक अध्यक्ष चौधरी द्वारा जिला परिषद व जनपद के आवेदन लिये गये। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लाक अध्यक्ष चौधरी ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार के नोटबंदी और जीएसटी के निर्णय से देश संकट से उभर नहीं पा रहा है। इन निर्णयों से देश की अर्थव्यवस्था खराब हुई है और बेरोजगारी चरम पर पहुंच रही है। किसानों की आय दुगनी करने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के भाजपा सरकार के वादे हवाई साबित हुए हैं। विकास दर 5 फीसदी से भी कम पर आ टिका है। साथ ही डीजल-पेट्रोल के दामों में वृद्धि और केन्द्र सरकार के निजीकरण को लेकर भी चौधरी ने भाजपा सरकार पर जमकर प्रहार किए।

बैठक को सम्बोधित करते हुवे जिलाध्यक्ष मीणा ने कहा कि जो भी कांग्रेस पार्टी से जुड़ा हुवा है उसको ही कांग्रेस पार्टी के द्वारा टिकिट दिया जावेगा।

## दोबड़ा की बेटी लमोरिया को मिली यूजीसी नेट में सफलता

■ जलतेदीप निसं, झुंझुनू

पिलानी के निकटवर्ती गांव दोबड़ा की उज्वला लमोरिया ने यूजीसी नेट में सहायक प्रोफेसर पद के लिए सफलता प्राप्त की है।उज्वला लमोरिया ने लॉ विषय में मिली इस सफलता का श्रेय माता उर्मिला लमोरिया व पिता मानसिंह लमोरिया तथा टीचर्स को दिया। इससे पहले उज्वला की छोटी बहिन लविना लमोरिया ने 2019 में पीजी साईस विषय में शेखावाटी यूनिवर्सिटी टॉप किया था। लमोरिया को सफलता मिलने पर गांववासियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## विमन्दित बच्चों के प्रति मानवीय एवं संवेदनशील व्यवहार करें : डिडेल

■ जलतेदीप निसं, भरतपुर

जिला कलक्टर नथमल डिडेल ने कहा कि समाज के विशेषवर्ग को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके मानवीय एवं संवेदनशील व्यवहार आवश्यक है। जिला कलक्टर डिडेल गुरूवार को स्थानीय लकी विमन्दित ग्रह में आयोजित स्वेटर्स वितरण कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विमन्दित एवं द्विव्यांगजनों के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजना चलाई जा रही है। जिनका शत प्रतिशत लाभ इन वर्गो। के लोगों को मिले ऐसे हम सब के प्रयास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे विशेष योग्यजनों को सुविधाऐं उपलब्ध कराने के क्षेत्र में समाज के समृद्ध एवं भामाशाहों की अहम भूमिका रहती है। इसके लिए अधिक से अधिक भामाशाहों को आगे आकर सहयोग करना होगा। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की उपनिदेशक मोनिका बलारा ने विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि योजनाओं का अधिकतम लाभ पात्र लोगों को मिलें इसके लिए विभाग द्वारा प्रयास किये जा रहे है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक पूरन सिंह ने बताया कि विमन्दित ग्रह में लगभग 50 बालक बालिकाऐं आवासित है। जिनको गर्म स्वेटरों का वितरण किया गया।

## बीआरकेजीबी द्वारा ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन



■ जलतेदीप निसं, चूरू

बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, चूरु द्वारा बैंक के आठवें स्थापना दिवस पर होटल सनसिटी में ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक जी.एल.मीणा. ने अवगत करवाया कि 1 जनवरी 2013 को स्थापित बड़ौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, राजस्थान के 22 जिलो में कार्यरत है। हमारा बैंक उन्नत तकनीकी युक्त ग्राहक समर्पित बैंक है। बैंक को लगातार चौथे वर्ष टेक्नोलॉजी बैंक ऑफद ईयर का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। चूरु क्षेत्र में 83 शाखाऐं कार्यरत है जिनका कुल व्यवसाय दिसम्बर 2019 तक 2817 करोड़ रुपये है। बैंक द्वारा सरकारी एवं गैर सरकारी कर्मचारियों के लिए बचत खाते की एसबी-111 योजना प्रारंभ की गई है जिसमें निःशुल्क एटीएम एवं एसएमएस सहित कोई भी चार्ज नहीं लिया जायेगा। साथ ही 5.00 लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा कवर भी मुफ्त उपलब्ध करवाया जायेगा। मुख्य प्रबंधक जे.के.चौधरी ने बताया कि 01 जनवरी से 29 फरवरी तक सरल प्रिमियम, सरल व्यापार त्रण, आवास ऋण, वाहन ऋण एवं प्रीमियम सुलभ ऋण में प्रोसेसिंग प्रभारों में 50 प्रतिशत एवं आवास ऋण पर 100 प्रतिशत छुट प्रदान की गयी है।

अतः अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उक्त अवसर पर ओम प्रकाश गोस्वामी, हरेकृष्ण गौतम, प्रबंधक लेखा क्षेत्रीय कार्यालय सुधाकर सहल व अजीत सिंह बणीरोत आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये। सैकड़ो की संख्या में गणमान्य ग्राहकों ने भाग लिया।

## जमील चौहान ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

■ जलतेदीप निसं, चूरू

जिला मुख्यालय से जयपुर गया कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री आशोक गहलोत से कांग्रेस नेता जमील चौहान ने साथियो के साथ स्वागत किया गया। चौहान ने चूरू राजनीति व प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत करवाया। चौहान ने चूरू राजकीय पारिख बालिका माध्यमिक विद्यालय को उच्च माध्यमिक में कर्मोनित करने, राणासर के शहीद हवलदार असलम खान के नाम पर ग्राम राणासर विद्यालय का नामकरण करवाने के सम्बंध में पूर्व मंत्री अश्क अली टाक, पूर्व मंत्री हमीदा बेगम का पत्र शोपा। शिष्टमंडल में विकास बेनीवाल, युवा नेता अजय कस्वां, रोहित ख्यालिया, आशीष बेनीवाल, सिकंदर खान कालूसर, रमजान कुरेशी रतनगढ़, सहित ने अभिनंदन किया।

### सीमावर्ती क्षेत्रों में विवाहित महिलाओं से जुड़ा मामला

# आरक्षण की मांग को लेकर पूर्व विधायक न्यांगली ने फिर लिखा सीएम को पत्र

**नौकरी व चुनाव में आरक्षित वर्ग अनुसार लाभ देने की मांग**

■ जलतेदीप निसं, सादुलपुर

हरियाणा-राजस्थान की सीमा से लगे चूरू जिले राजगढ़, सादुलपुर सहित राज्य की सीमावर्ती तहसीलों में विवाहित ओबीसी, एससी वर्ग की महिलाओं को उनकी कैटेगरी अनुसार सरकारी नौकरी व चुनाव में आरक्षण का लाभ देने की मांग करते हुए सादुलपुर के पूर्व विधायक व बसपा नेता मनोज न्यांगली ने एक बार फिर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राज्यपाल राजस्थान, समाज कल्याण मंत्री राजस्थान सरकार तथा प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। पूर्व विधायक ने पत्र के मार्फत मांग की है कि सादुलपुर सहित



राज्य की अनेक सीमावर्ती तहसीलों एवं जिलों में निकटवर्ती राज्यों हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश से आरक्षित एससी, ओबीसी वर्ग की हजारों महिलाएँ वर्षो से विवाहित हैं।

दोनों राज्यों में इन महिलाओं की जाति आरक्षित श्रेणी में है। राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में विवाह के आधार पर ये महिलाएं राज्य की मूल निवासी बन चुकी हैं। राजस्थान राज्य में इन्हें वोट डालने का अधिकार तो है परंतु अब इन्हें आरक्षित कैटेगरी अनुसार चुनाव लड़ने से वँचित किया जा रहा है जो की न्यायसंगत नहीं है। पिछले कुछ समय से इन महिलाओं को सरकारी नौकरी में नियुक्ति से भी रोका जा रहा है।

गौरतलब है कि राज्य प्रशासन ने राज्य में विवाहित इन महिलाओं को कई तहसीलों में यहां के जाति प्रमाण जारी करने से मना कर दिया है, वहीं कई जिलों में आरक्षित वर्ग के जाति-प्रमाण पत्र होने के बावजूद आरक्षण का लाभ देने से मना कर दिया है। इसी मामले को लेकर पूर्व विधायक न्यांगली कुछ माह पूर्व भी सीएम को पत्र लिख चुके हैंएवहीं 23 दिसम्बर को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रफीक मंडेलिया भी सीएम अशोक गहलोत से मिलकर उन्हें मामले से अवगत करवा चुके है।

## बिरला बालिका विधापीठ में नववर्ष मनाया

■ जलतेदीप निसं, झुंझुनू

बिरला बालिका विद्यापीठ पिलानी के प्रांगण में विधालय प्राचार्या डॉ. एम कस्तूरी के मुख्य आतिथ्य में नववर्ष बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ एम कस्तूरी ने सभी छात्राओं को एवं स्टाफ सदस्यों को नववर्ष की शुभकामना देते हुए नए संकल्प लेकर उन्हें पूर्ण करने की बात कही। इस अवसर प्राचार्या ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी हैं । उन्होंने समाज से भेदभाव मिटाने,लक्ष्य के प्रति अटल रहने,समाज में व्याप्त खामियों को मिटाने में सहयोग देने की बात कही।कार्यक्रम में डीन अनीता मिश्रा,सीनियर अकादमिक कोऑर्डिनेटर अचला वर्मा,बर्सर सीमा सिन्हा तथा स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।प्राचार्या ने आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए छात्राओं को शुभकामनाये देते हुए कहा कि बिरला बालिका विद्यापीठ हमेशा की तरह इस वर्ष भी सफलता के नए आयाम तय करेगा।

## पालिका प्रशासन ने लगाया स्वच्छ भारत अभियान को पलीता

■ जलतेदीप निसं, किशनगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर में स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत नगर पालिका किशनगढ़बास को खुले में शौच मुक्त बनाने के लिए करीब 3 साल पूर्व सार्वजनिक 36 रेडीमेट शौचालयों को कस्बे के विभिन्न स्थानों पर रखवाए गए थे लेकिन नगर पालिका कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों उदासीनता के चलते लाखों की कीमत वाले सभी शौचालय बंद पड़े हुए हैं। पालिका प्रशासन की अनदेखी के कारण आज भी कस्बे के लोग खुले में शौच जा रहे हैं। आमजन की सुविधा के लिए लगाए गए रेडीमेट शौचालय पानी की टँकी के अभाव में गंदगी से लबालब भरे हुए हैं, जिसकी दुर्गंध से लोगों में गंभीर बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। रख-रखाव के अभाव में शौचालय पूरी तरह अनुपयोगी हो गया है। पालिका प्रशासन की उदासीनता का आलम यह है कि तमाम शौचालय बंद पड़े हुए हैं। वार्ड नंबर 4 पार्षद इरफान खान एवं वार्ड नं एक टाँकाहेड़ी के वाशिन्दों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी के तहत नगर पालिका किशनगढ़बास को खुले में शौच मुक्त करने के लिए क्षेत्र में करीब 28 लाख रुपयों की कीमत के 36 रेडीमेट सार्वजनिक शौचालय रखवाए गए थे लेकिन पालिका के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के कारण सभी शौचालय रख-रखाव के अभाव में तीन साल से बंद पड़े हुए हैं। जिसकी लगातार पालिका व एसडीएम कार्यालय में शिकायत की जा रही है लेकिन आज तक समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। जिससे इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि राष्ट्रीय स्तर के इस अभियान को अधिकारी कैसे पलीता लगा रहे हैं।

## राष्ट्रीय पेंशन दिवस 6 जनवरी को

■ जलतेदीप निसं, चूरू

राष्ट्रीय पेंशन दिवस समारोह जनवरी, सोमवार को राजस्थान पेंशनर समाज जिला शाखा, चूरू द्वारा पेंशनर कल्याण केन्द्र के सभागार, मौसम विभाग के पास, में दोपहर सवा बारह बजे मनाया जावेगा। कार्यक्रम के जिला कलक्टर सन्देश नायक, एसपी तेजस्वनी गौतम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव राजेन्द्र कुमार, राजस्थान पेंशनर समाज प्रान्तीय महामंत्री किशन लाल शर्मा, सहायक महाप्रबन्धक एसबीआई ओम प्रकाश गुप्ता, कोषाधकारी रामधन, उप-रजिस्ट्रार सहकारी समितियां राजेन्द्र सैनी होंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. शेरसिंह बीदावत करेंगे।

कार्यकारी अध्यक्ष मोहन लाल शर्मा ने बताया कि समारोह में पेंशनरों को सम्मानित किया जावेगा। एवं पेंशनरों की समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा होगी।

## सैन्य सेवा के बाद अब फौजी हरि सिंह आयेगें राजनीति में

■ जलतेदीप निसं, अलवर

नैवी में प्रधान सहायक इंजिनियर विमान के पद पर कार्य कर राष्ट्र की सेवा करने के बाद देसूला निवासी हरि सिंह ने अब सरकारी नौकरी न कर गांव की सैवा का मन बनाया है और वे गांव की सैवा करने के लिए इस बार हो रहे ग्राम पंचायत चुनाव में गांव देसूला ग्राम पंचायत से सरपंच पद के दावेदार के रूप में उतर रहे है।

उद्योग नगर थाना अर्न्तगत पड़ने वाले गांव देसूला निवासी हरि सिंह ने गुरूवार को एक साक्षात्कार के दौरान पत्रकारों को बताया कि वे अपनी नौकरी के दौरान जब भी गांव आते तो उन्हें अत्यधिक दुख होता कि आजादी के बाद आज भी उनका गांव ज्यो का त्यौ है उसका विकास आज तक नही हो पाया है लेकिन वे क्या करते उन्हें राष्ट्र की सेवा जो करनी थी अपनी राष्ट्र सेवा पूरी कर अब हरि सिंह ने ठाना है कि वे इस बार देसूला ग्राम पंचायत से सरपंच का चुनाव लडेगे और अगर जनता उन्हें इस चुनाव में जिताती है तो वे गांव का सम्पूर्ण विकास करा कर देसूला को उत्कृट गांव की श्रेणी में



लाकर खड़ा कर देगे उन्होंने बताया कि गांव में सड़के नही है नाली नही है यहा तक की पेयजल की समस्या है खास बात तो यह है कि गांव में उद्योग ईकाई होने के बावजूद यहां के युवा बेरोगार बने घूम रहे है उनका लक्ष्य है बेरोजगारों को स्थानीय फैक्ट्री में रोजगार दिलाना एवं युवाओं को नशाखोरी से दूर करना है जिससे यहां के वाशिंदों का जीवन सृदृड हो सके। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में जमकर भ्रष्टाचार होता है जिसके कारण गांवों में विकास नही हो पाता वे इस भ्रष्टचार को समाप्त कर गांव के विकास को मिलने वाले सभी पैसों को विकास में लगाएगे ताकि उनका गांव विकास कर सके।

# अब सूचना के लिए नहीं लगाने पड़ेंगे शहरी निकायों के चक्कर

## शहरी निकायों को बोर्ड मीटिंग की मिनिट्स वेबसाइट पर डालने के निर्देश

■ जलतेदीप नसं, जयपुर

राजस्थान सूचना आयोग ने नगर निगम, नगरपालिका आदि शहरी निकायों की बोर्ड व एम्पावर्ड कमेटी की बैठक के मिनिट्स को वेबसाइट पर सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हैं। सूचना आयुक्त आशुतोष शर्मा ने अपने फैसले में कहा कि सूचनाएं स्वतः सार्वजनिक करने योग्य है। इसी के साथ कुचामन नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी श्रवणकुमार पर 25 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है। मुख्य सूचना आयुक्त आशुतोष शर्मा ने नगरपालिका मण्डल की साधारण/एम्पावर्ड कमेटी की बैठकों का कार्यवाही विवरण को नितान्त सार्वजनिक दस्तावेज माना। आयोग ने




कहा कि अनावश्यक रूप से इस साधारण सूचना का तृतीय पक्षकार की सूचना बता कर देने से इनकार करना आश्चर्य और अफसोस का विषय है। ऐसी सूचनाएं सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 4(1) बी एवं 4(2) के तहत वेबसाइट पर स्वैच्छिक रूप से सार्वजनिक की जानी चाहिए। आयोग ने अपने निर्णय में राज्य सरकार के जन सूचना पोर्टल की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार ने जन सूचना पोर्टल के माध्यम से पारदर्शिता को बढ़ाने व धारा 4(2) की पालना के प्रति सकारात्मक व सराहनीय कदम बढ़ाया है। इसी दिशा में एक कदम और बढ़ा कर शहरी निकायों की वेबसाइट्स को सक्रिय कर उनमें बोर्ड/एम्पावर्ड कमेटी की बैठकों के कार्यवाही विवरणों को सार्वजनिक किया जाए तो पारदर्शिता को बढ़ावा मिलने के साथ सूचना आवेदनों का भार भी कम हो सकेगा। आयोग ने स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख सचिव को निर्देशित किया कि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग व स्थानीय निकाय विभाग के सहयोग से तीन माह में समस्त शहरी निकायों की वेबसाइट्स को सक्रिय कर नियमित रूप से बोर्ड/एम्पावर्ड कमेटी की बैठकों की मिनिट्स को सार्वजनिक किया जाना सुनिश्चित करें।

### यह है मामला


कुचामन नगर पालिका के पार्षद अहमद अली खान ने पालिका की एम्पावर्ड कमेटी की मिनिट्स की सूचना मांगी। अधिशाषी अधिकारी ने इसे तृतीय पक्षकार की सूचना बता कर देने से इनकार कर दिया। इस पर खान ने सूचना आयोग में द्वितीय अपील दायर की। आयोग ने ईओ श्रवण कुमार को जुर्माने का नोटिस भेजा लेकिन उन्होंने इसका कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। जिस पर आयोग ने ईओ पर 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगा दिया।

## नामान्तकरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की सेवा का शुभारम्भ

■ जलतेदीप नसं, जयपुर

मुख्यमंत्री के बजट घोषणा भू-अभिलेख को सरलीकृत, स्वचालित एवं कागज रहित बनाने की दिशा में राज्य में 184 तहसीलों का रिकॉर्ड ऑनलाइन किया जा चुका है। राजस्व मंत्री हरीश चौधरी ने नामान्तकरण के प्रार्थनों पत्रों को ऑनलाइन प्राप्त करने की प्रक्रिया का शुभारम्भ किया। प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन तहसीलों में नामन्तकरण के प्रार्थना पत्र अब ऑनलाइन राजस्व विभाग की पोर्टल या ई-मित्र के द्वारा भरे जा सकेंगे। प्रार्थी को प्रार्थना पत्र के विभिन्न स्तरों की जानकारी एसएमएस के माध्यम से प्राप्त होगी। इस प्रक्रिया से आम काश्तकार को अब नामान्तकरण के लिए किसी भी स्तर पर राजस्व अधिकारी कर्मचारी के पास जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

# राज्यपाल कलराज मिश्र ने जयपुर के अराध्य गोविन्ददेव मंदिर में की पूजा-अर्चना





■ जलतेदीप निसं, जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र और राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र गुरूवार को जयपुर के आराध्य श्री गोविन्ददेव जी मंदिर गये। मंदिर में दोनों ने पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

### गुरूद्वारे में भी टेका मत्था

राज्यपाल कलराज मिश्र ने गुरू गोविन्द सिंह के 353वें प्रकाश उत्सव पर आयोजित राजापार्क गुरूद्वारे के कार्यक्रम में भाग लिया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने गुरूद्वारे में मत्था टेका और प्रदेश की समृद्धि की कामना की। राज्यपाल मिश्र गुरूद्वारे में बैठे और वहां शबद कीर्तन सुना। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह आदर्श पुरूष थे। उन्होंने कहा कि गुरू गोविन्द सिंह द्वारा दिया गया मानवता का संदेश हमारे समाज में समानता, समरसता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के लिए आज भी प्रासंगिक है।

## विगत - मुकेश मांडण




देहाती 'ठसक' से ओतप्रोत पश्चिमी राजस्थान का हस्तशिल्प-'पट्टू'। हाथों के हुनर का बेजोड़ उदाहरण, सर्दियों से बचाव का नायाब साधन। बाज़ारवाद ने हुनर और हस्तशिल्प दोनों को ही लील लिया।

## मूंग व मूंगफली उत्पादक 130 केन्द्रों पर 10 प्रतिशत पंजीयन सीमा को बढ़ाया

■ जलतेदीप नसं, जयपुर

सहकारिता विभाग के प्रमुख शासन सचिव, नरेश पाल गंगवार ने बुधवार को बताया कि अजमेर, भीलवाडा, बीकानेर, चूरू, दौसा, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जयपुर, जालोर, जोधपुर, नागौर, पाली, सीकर, टोंक, झुंझुनूं एवं जैसलमेर जिलों में क्रय केन्द्र की क्षमता के अनुसार कुछ केन्द्रों पर पंजीयन पूरा हो चुका है। मूंग एवं मूंगफली के अधिक उत्पादन की स्थिति में 130 केन्द्रों पर पंजीयन की सीमा को 10 प्रतिशत और बढ़ाया गया है।

# रेनू शर्मा को मिला एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड

■ जलतेदीप नसं, जयपुर

संपर्क संस्थान की प्रदेश कोऑर्डिनेटर और ज्ञान विहार स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका रेनू शब्द मुखर को एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड से नेपाल की राजधानी काठमांडू में नवाजा गया है । रशियन कल्चर एंड साइंस सेंटर में अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री रामचंद्र पौडेल, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश गिरीश चंद्र लाल,राज्य मंत्री नेपाल डिम्पल झां, पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री राजस्थान बृजकिशोर शर्मा ने एशिया रेनू शर्मा को कॉन्टिनेंट अवार्ड प्रदान किया जिसमें उनको शॉल, मैडल, प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और नेपाल की भव्य टोपी से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान साहित्य और शिक्षा के प्रति समर्पण व अन्य उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। ज्ञान



विहार स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका को यह अवार्ड मिलने पर स्थानीय शिक्षा व साहित्य जगत में हर्ष का माहौल है। संपर्क संस्थान के अध्यक्ष अनिल लड्ढा, ज्ञान विहार स्कूल के प्रिंसिपल सत्येंद्र कुमार मिश्रा, लेखिका संस्थान की अध्यक्ष डॉ.जयश्री शर्मा व पालनहार फाउंडेशन की अध्यक्ष संगीता राजा, दूरदर्शन जयपुर से उषा रस्तोगी, आकाशवाणी से योगेश कानवा व समस्त मिलने वालों ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए रेनू को बधाई दी है।

# पीसीसी में भंवरलाल मेघवाल ने सुनी आमजन की समस्याएं

■ जलतेदीप नसं, जयपुर

राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री मास्टर भंवरलाल मेघवाल ने गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ प्रातः 11 बजे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर में जनसुनवाई की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव



महेश शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जनसुनवाई के दौरान मंत्री मेघवाल ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर प्रदेशभर से आये बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों एवं आम लोगों की समस्याओं को सुना तथा उनके निराकरण हेतु कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मेघवाल के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष हीरालाल बिश्नोई, महासचिव नीरज डांगी एवं सचिव कुलदीप सिंह राजावत भी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया एग्जीबिशन पोलो मैच की ट्रॉफी का अनावरण

■ जलतेदीप नसं, जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गुरूवार को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री मथुरादास माथुर की स्मृति में रामबाग पोलो ग्राउण्ड पर 11 जनवरी को आयोजित होने वाले एग्जीबिशन पोलो मैच की ट्रॉफी का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने माथुर का स्मरण करते हुए कहा कि सजग जनप्रतिनिधि होने के साथ ही उनका खेलों से विशेष जुड़ाव था। उनकी स्मृति में आयोजित हो रहे इस मैच



से युवाओं एवं बच्चों में खेल भावना बढ़ेगी। माथुर के पौत्र विशाल माथुर ने बताया कि राजस्थान पोलो क्लब के सहयोग से होने वाले इस मैच को देखने के लिए विभिन्न स्कूलों के दिव्यांग बच्चों और वीरांगनाओं को भी आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर इन बच्चों और वीरांगनाओं का सम्मान भी किया जाएगा। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री मास्टर भंवरलाल मेघवाल भी मौजूद थे।

# झुग्गीवासियों को समझाया स्वच्छता व स्वास्थ्य का महत्व

■ जलतेदीप निसं, जैसलमेर

शिक्षा एवं नशामुक्ति के लिये कार्य करने वाली प्रमुख समाजिक संस्था हयूमन लाईफ फाऊण्डेशन के निःशुल्क शिक्षा केन्द्र की प्रताप नगर शाखा के बच्चों एवं उनके परिवारजनों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के जागृति हेतु स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। ह्यूमन लाईफ फाऊण्डेशन के फाउंडर हेमराज चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मानव मिलन संस्था के अध्यक्ष प्रमोद चौरडिया के नेतृत्व में उनकी संस्था के करीब 20 सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने ह्यूमन लाईफ से जुड़े 50 गरीब बच्चों एवं उनके परिवारजनों को स्वच्छता के माध्यम से स्वस्थय बने रहने



के जीवनमंत्र दिये। फिर सभी कार्यकर्ताओं ने स्लमस्कूल के बच्चों एवं महिला पुरूषों के साथ स्कूल परिसर एवं बस्ती में कचरा व गंदगी की सफाई की। कार्यकताओं ने स्लम स्कूल के चारों ओर का वातारण झाडू लगाकर सुंदर बनाया। सभी को स्वच्छता अपनाने का संदेश देने के लिए स्वच्छता स्लोगन बोलते गाते बस्ती को सुंदर बनाया।

इस अवसर पर मानव मिलन संस्था के अध्यक्ष प्रमोद चौरडिया ने झुग्गीवासियों को प्रेरित करते हुए कहा कि गंदगी में गंदगी में जीवाणु, वायरस एवं मच्छर उत्पन्न होते है जो दाद, ,खाज, खुजली जैसे त्वचारोगों के अलावा टायफायड, कोलेरा, टीबी, एन्थ्रेक्स जैसी बीमारियों भी पैदा होती हैं। जो कभी महामारी का रूप ले लेती है।

# जदयू ने राजद पर साधा निशाना, पोस्टर में लिखा- हिसाब दो, हिसाब लो

■ एजेंसी, पटना

बिहार में इस साल चुनाव होने हैं। अक्टूबर से नवंबर के बीच विधानसभा चुनाव होने की उम्मीद है। ऐसे में राजनीतिक पार्टियों ने अपनी कमर कस ली है। वे जनता को लुभाने की कोशिशों के साथ ही एक-दूसरे पर निशाना साध रहे हैं। इसी बीच सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइडेट (जदयू) ने पटना के विभिन्न चौक-चौराहों पर पोस्टर लगाए हैं। इस पोस्टर में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और जदयू के 15 सालों की तुलना की गई है। पोस्टर के जरिए जदयू ने राजद से उनके शासन के 15 सालों का हिसाब मांगा है। उसने पोस्टर में जदयू के 15 साल के शासन के दौरान किए गए कार्यों को दिखाया है। पोस्टर में लिखा है- (हिसाब दो,




हिसाब लो) पोस्टर के आधे हिस्से में राजद के कार्यकाल के समय के बिहार को दिखाया गया है कि उस समय सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे थे। जिनमें पानी भरा रहता था। हथियारों से लैस लोगों का समूह बेगुनाहों की हत्या करता था। खून-खराबा हुआ करता था। इसके अलावा लोगों के घरों में बिजली नहीं थी और लोग लालटेन की रोशनी में रहने को मजबूर थे। वहीं दूसरे पोस्टर में जदयू के कार्यकाल के विकास को दिखाया गया है कि अब सड़कें पक्की हैं और फ्लाइओवर बने हुए हैं।

# एकनाथ खडसे का आरोप, मुझे टिकट नहीं देने के पीछे फडणवीस, महाजन का हाथ

■ एजेंसी, महाराष्ट्र

भाजपा के वरिष्ठ नेता एकनाथ खडसे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में टिकट बंटवारें को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और गिरीश महाजन पर गंभीर आरोप लगाया है। खडसे ने आरोप लगाया है कि पिछले साल हुए राज्य विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें टिकट नहीं देने के पीछे महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और पार्टी नेता गिरीश महाजन का हाथ है। खडसे ने मीडिया से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि कुछ लोग उनका राजनीतिक कॅरियर खत्म करना चाहते हैं।

खडसे ने कहा, 'भाजपा की प्रदेश कोर समिति के सदस्यों ने मुझे बताया कि देवेंद्र फडणवीस और गिरीश महाजन ने जलगांव जिले में मुक्तैनगर विधानसभा सीट से मुझे टिकट दिए जाने का



विरोध किया था। उन्होंने मुझे टिकट दिए जाने की भाजपा की केंद्रीय समिति की इच्छा को भी नजरअंदाज किया।' राज्य के पूर्व मंत्री ने दावा किया, 'नाम नहीं बताने की शर्त पर कोर समिति के कुछ सदस्यों ने मुझे यह जानकारी दी।' जमीन सौदे में अनियमितता के आरोपों को लेकर खडसे ने 2016 में भाजपा के नेतृत्व वाली तत्कालीन राज्य सरकार से इस्तीफा दे दिया था, उस वक्त वह राज्य में राजस्व मंत्री थे और फडणवीस के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में सबसे वरिष्ठ मंत्री थे। इसके बाद मंत्रिमंडल में उनकी कभी वापसी नहीं हो पाई और पिछले साल अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें टिकट भी नहीं दिया।

भाजपा ने खडसे के बजाय उनकी बेटी रोहिणी खडसे को मुक्तैनगर से टिकट दिया हालांकि वह शिवसेना के बागी चंद्रकांत पाटिल से हार गईं।

खडसे ने मीडिया से कहा कि अब तक हुए तमाम घटनाक्रमों को देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ लोग मेरे खिलाफ हैं और मेरा राजनीतिक कॅरियर खत्म कर देना चाहते हैं। प्रदेश भाजपा ने उन लोगों को टिकट दिया जिनका कोई जनाधार नहीं था और इसी कारण हमलोग बुरी तरह पिछड़ गए।'

## संक्षिप्त खबरे

### किम जोंग उन ने दी स्तब्ध करने वाली कार्रवाई की चेतावनी

**सियोल/एजेंसी।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अमेरिका के साथ रुकी हुई परमाणु वार्ता पर गहरी निराशा जताते हुए चौंकाने वाली कार्रवाई करने की चेतावनी दी और कहा कि उनका देश जल्द ही दुनिया के सामने एक नए सामरिक हथियार का खुलासा करेगा। किम ने साथ ही कहा कि उत्तर कोरिया को परमाणु हथियार और अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण को लेकर अपने आप ही, खुद पर लगाई गई रोक को बरकरार रखने की अब आवश्यकता नहीं है। डोनाल्ड ट्रम्प ने इस रोक को बड़ी राजनयिक उपलब्धि करार दिया था लेकिन किम ने इस बात का कोई स्पष्ट संकेत नहीं दिया कि इस प्रकार के परीक्षण फिर से किए जा सकते हैं या नहीं और ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने वार्ता के लिए द्वार खुले रखे हैं। किम ने यह वार्ता रुके रहने के दौरान छोटी दूरी के हथियारों का परीक्षण तेज करके अपनी सैन्य क्षमताएं बढ़ाई।

### ईरान में आया 5.8 तीव्रता का भूकंप

**नई दिल्ली/एजेंसी।** ईरान के खोरासन रजवी प्रांत में गुरुवार को रिक्टर पैमाने पर 5.8 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। ईरान के भूकंपीय केंद्र ने इस बात की जानकारी दी। मीडिया एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र ईरान के पवित्र मशहद शहर के दक्षिण में 300 किलोमीटर दूर 8 किलोमीटर नीचे, 34.030 उत्तरी अक्षांश और 60.325 पूवी देशांतर की गहराई पर था। अभी तक किसी भी प्रकार के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### ताइवान में सेना का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चीफ ऑफ मिलिट्री स्टाफ सहित 3 लापता

**ताइपे/एजेंसी।** ताइवान के पहाड़ी इलाके में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से चीफ ऑफ मिलिट्री स्टाफ और दो अन्य लोग लापता हैं, बचाव कर्मी लगातार उनकी तलाश में जुटे हुए हैं। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूएच-60एम हेलीकॉप्टर में चीफ ऑफ मिलिट्री स्टाफ शेन यी-मिंग सहित 13 लोग सवार थे। हेलीकॉप्टर ताइपे के निकट पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रक्षा मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, शेन यी-मिंग नववर्ष से पहले पूर्वोत्तर यिलान काउंटी में सैनिकों से मुलाकात करने जा रहे थे। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि 10 लोगों का पता लगा लिया गया है, वे सभी जीवित हैं। हालांकि मिंग (62) और अन्य दो अब भी लापता हैं। एयरफोर्स कमांडर शिऊंग होऊ-ची मे कहा कि उड़ान के 15 मिनट के भीतर ही एयरक्राफ्ट रडार से गायब हो गया। मंत्रालय ने इस घटना की जांच के लिए एक टास्क फोर्स का भी गठन कर दिया है। सर्च ऑपरेशन के साथ-साथ राहत और बचाव कार्य लगातार जारी है। यह भाी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उड़ान के वक्त मौसम कैसा था। साथ ही एयरक्राफ्ट की स्थिति कैसी थी।

### अमेरिका को ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनी की चेतावनी, धमकियों का सामना करने को तैयार हैं

**तहरान/एजेंसी।** ईरान के सर्वोच्च नेता ने इराक पर अमेरिका के घातक हवाई हमलों की कड़ी निंदा करते हुए चेतावनी दी कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उनके देश के खिलाफ दी गई धमकियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। अयातुल्ला अली खामेनी ने सरकारी टेलिविजन पर प्रसारित एक भाषण में कहा कि वह, सरकार और ईरान राष्ट्र इस अमेरिकी अपराध की निंदा करते हैं।

### जनरल बाजवा को सेवा विस्तार दिलाने दोबारा सुप्रीम कोर्ट पहुंची इमरान सरकार

**तहरान/एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार ने सेना अध्यक्ष जनरल कमर जावेद बाजवा को सेवा विस्तार के मामले में गुरुवार को एकबार फिर याचिका दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट से 28 नवंबर के फैसले पर स्थगन आदेश देने का आग्रह किया है। इस हाई प्रोफाइल केस में सरकार की तरफ से दूसरी बार ऐसी याचिका दायर की गई है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि न्याय के हित में वह 28 नवंबर 2019 के अपने फैसले पर रोक लगाने संबंधी आदेश जारी करे। याचिका में कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने अपना निर्णय देते समय कई अहम सांविधानिक और कानूनी बिंदुओं का संज्ञान नहीं लिया है। साथ ही यह भी दलील दी गई है कि सेना प्रमुख के सेवा विस्तार मामले पर विचार करते समय शीर्ष अदालत ने जजों का कार्यकाल बढ़ाए जाने से जुड़े अपने ही फैसले को आधार नहीं बनाया है।

## केंद्र ने देश के सभी बड़े मुद्दों को हल किया: निर्मल

■ एजेंसी, चंडीगढ़

प्रदेश के पूर्व उप-मुख्यमंत्री डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने देश के सभी बड़े मुद्दों जैसे राम मंदिर, अनुच्छेद 370, तीन तलाक आदि का हल कर दिया है। कांग्रेस पार्टी व अन्य विपक्षी दल लोगों को अंधेरे में रख कर देश में अशांति फैलाने का कार्य कर रहे हैं। नव वर्ष के अवसर पर पूर्व मंत्री शाम लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित भाजपा मिलन समारोह में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विकास और शांति स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा का कोई छिपा हुआ एजेंडा नहीं है, जो भी फैसले लिए जाएंगे वे जम्मू के लोगों की इच्छाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप लिए जाएंगे। इस दौरान भाजपा सांसद जुगल किशोर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस जनता की भावनाओं के साथ खेल कर गंदी राजनीति कर रही है। नागरिकता संशोधन कानून का समर्थन करते हुए कहा कि इस कानून के जरिये वर्षों से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में प्रताड़नाएं झेल रहे गैर मुस्लिम लोगों को न्याय मिलेगा।

# पीएफआई ने पश्चिम बंगाल में किया बंद का आह्वान, टीएमसी सांसद को भी बुलाया

■ एजेंसी, कोलकता

नागरिकता संशोधन कानून को लेकर चल रहा विरोध-प्रदर्शन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर पश्चिम बंगाल में सीएए और एनआरसी का विरोध-प्रदर्शन लगातार जारी है। इसकी एक वजह यह भी है कि यहां की सत्तारूढ़ पार्टी भी इन दोनों कानूनों के खिलाफ है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद विरोध-प्रदर्शन में शामिल हो चुकी हैं। अब इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट




ऑफ इंडिया (पीएफआई) ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सीएए के खिलाफ विरोध रैली का आह्वान किया है और स्थानीय टीएमसी सांसद अबू ताहिर खान को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया है। यह जानकारी गुरुवार को संगठन के एक पदाधिकारी ने दी। वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान राज्य भर में हिंसा में कथित भागीदारी के लिए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। पीएफआई पश्चिम बंगाल के महासचिव मनीरुल शेख ने बताया, हम पांच जनवरी को मुर्शिदाबाद में सीएए के खिलाफ एक रैली का आयोजन कर रहे हैं और मुर्शिदाबाद टीएमसी सांसद अबू ताहिर खान सहित कई वक्ताओं को आमंत्रित किया है।

# जम्मू-कश्मीरः दर्दनाक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

■ एजेंसी, जम्मू

जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। एक बस के खाई में गिरने के कारण सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 से अधिक लोग घायल हुए हैं। सूचना मिलने के बाद से राहत एवं बचाव कार्य जारी है। वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि बस में 34 यात्री सवार थे। यह घटना नौशेरा



के लंबेरी के पास घटित हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस के नीचे कई शव दबे हैं। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। हालांकि इस मामले पर अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों की मदद से फसे हुए लोगों को निकालने का कार्य जारी है।

# गणतंत्र दिवस परेड में शामिल नहीं होगी पश्चिम बंगाल की झांकी

## तृणमूल ने इसे बताया-राज्य का अपमान

■ एजेंसी, नई दिल्ली

केंद्र सरकार द्वारा 26 जनवरी को राजपथ पर होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में पश्चिम बंगाल की झांकी को शामिल नहीं किया गया है। रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी कि बंगाल सरकार की झांकी का प्रस्ताव विशेषज्ञ समिति के पास दो बार भेजा गया। दूसरी बैठक में विस्तृत चर्चा के बाद इसे खारिज कर दिया गया। तृणमूल कांग्रेस ने इसे पश्चिम बंगाल का अपमान बताया है। इससे पहले भी साल 2018 में बंगाल की झांकी को परेड में शामिल नहीं किया गया था। इस साल परेड समारोह के लिए कुल 56 झांकियों के



प्रस्ताव आए थे, जिनमें से 22 को चुना गया है। बता दें कि ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। मंत्रालय के मुताबिक, बंगाल की झांकी को पहले परेड की प्रक्रिया के हिसाब से चुना गया था। 2020 में होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में कुल 56 झांकियों के प्रस्ताव आए थे। इन झांकियों के चुनाव के लिए विशेषज्ञ समिति में पांच दौर की बैठक की। मंत्रालय को राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से झांकियों के 32 और केंद्रीय मंत्रालयों एवं विभागों से 24 प्रस्ताव मिले थे। जिसके बाद मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि पांच बैठकों के बाद उनमें से राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के 16 और मंत्रालयों/विभागों के छह प्रस्ताव अंतिम रूप से गणतंत्र दिवस परेड 2020 के लिए चुने गया है। गणतंत्र दिवस परेड के लिए राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों, केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। झांकियों का चयन एक विशेष समिति द्वारा किया जाता है, जिसमें कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला और नृत्यकला से संबंधित लोग शामिल होते हैं। यह समिति प्रस्तावों पर विचार कर अपनी सिफारिशों को रक्षा मंत्रालय को सौंपती है। समय की बाध्यता को देखते हुए सीमित संख्या में ही झांकियों का चयन होता है।

### 2018 में भी नहीं शामिल हुई थी पश्चिम बंगाल की झांकी

गणतंत्र दिवस परेड में बंगाल की झांकी को शामिल ना किए जाने से दोनों सरकारों के बीच टकराव बढ़ सकता है। 2018 में भी बंगाल की झांकी परेड में शामिल नहीं की गई थी और उसके प्रस्ताव को खारिज कर दिया गया था।

स्वतत्वाधिकारी मैसर्स जलतेदीप (जयपुर) की ओर से मुद्रक, प्रकाशक पदम मेहता द्वारा दीपक ऑफसेट प्रिंटर्स, एफ-77, करतारपुरा, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से मुद्रित तथा जलतेदीप (जयपुर) कार्यालय ई-287, लालकोठी, जयपुर से प्रकाशित फोनः 2742116, फैक्सः5102727 संपादकः पदम मेहता